LOKNAYAK BAPUJI ANEY MAHILA

MAHAVIDYALAYA, YAVATMAL

**NAAC Accredited with Grade 'B'**

## Academic Year

## 2022-2023

Criterion III

Books & Chapters

3.3.3

333 BOOK
Dr. Rizwan Ahmed Khan.

pencil

ग़ज़ल संग्रह

# कलाम ए उफ़ुक़ बरारी

## (इंतेखाब)

डॉ रिज़वान कश्फ़ी

[illegible]

pencil

GENERAL

MRP ₹ 150/-

ISBN No. 978-81-958253-2-5

मुख्यसंपादक
प्राचार्य डॉ. वसंत बिरादार
महात्मा फुले महाविद्यालय, अहमदपूर जि. लातूर
संपादक
डॉ. बबुवान केरबाजी मोरे
इतिहास विभागप्रमुख,महात्मा फुले महाविद्यालय, अहमदपूर जि. लातूर
मो. ९९२३३५९६७८

प्रकाशक
सिध्दी पब्लिकेशन हाऊस
६२४, बेलानगर, भावसार चौक, तरोडा (खु.) नांदेड ? ४३१६०५
मो. ९६२३९७९०६७
E-mail: shrishprakashan२००९@gmail.com
www.wiidrj.com

मुद्रक
अनुपम प्रिंटर्स , श्रीनगर, नांदेड (महा.)
९१७५३३२४४३७

प्रथमावृत्ती : ३० ऑगस्ट २०२२

© सर्वाधिकार : महात्मा फुले महाविद्यालय, अहमदपूरच्या अधीन

मुखपृष्ठ : तेजस रामपूरकर
अक्षरजुळवणी : डॉ. राजेश गं. उंबरकर
मुद्रित शोधन : डॉ. अनिल मुंडे

मुल्य : ५००/-

सदरील ग्रंथातील कोणताही भाग किंवा मजकुराकरीता सदरील संशोधक स्वतः जबाबदार राहतील संपादक किंवा प्रकाशक जबाबदार असणार नाही.

# :: संपादकीय ::

ग्लोबल संस्कृत फोरम दिल्ली, स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाडा विद्यापीठ नांदेड आणि किसान शिक्षण प्रसारक मंडळ उदगीर द्वारा संचलित महात्मा फुले महाविद्यालयाच्या इतिहास विभाग यांच्या संयुक्त विद्यमाने "स्वामी विवेकानंदांचे भारतासाठी व जगासाठी योगदान" या विषयावर आंतरविद्याशाखीय आंतरराष्ट्रीय परिषदेचे ऑनलाईन आयोजन दिनांक ३० ऑगस्ट २०२२ रोजी करण्यात आले होते.

महात्मा फुले महाविद्यालयाला महाराष्ट्रातील प्रसिद्ध पत्रकार, लेखक आणि समीक्षक असलेले डॉ. वसंत बिरादार हे प्राचार्य म्हणून लाभलेले आहेत व त्यांच्या प्रगल्भ मार्गदर्शनाखाली महात्मा फुले महाविद्यालयाने शैक्षणिक क्षेत्रात स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाडा विद्यापीठ नांदेडच्या परिक्षेत्रात गरुड भरारी घेतलेली आहे. महात्मा फुले महाविद्यालयाच्या इतिहास विभागातर्फे सातत्याने विद्यार्थ्यांसाठी व प्राध्यापकांसाठी राष्ट्रीय व आंतरराष्ट्रीय परिषदांचे व चर्चासत्रांचे आयोजन कुशलतेने केले जाते.

स्वामी विवेकानंद हे १९ व्या शतकातील एक महान तत्त्वचिंतक होते. स्वामी विवेकानंद या नावाचा केवळ उच्चारच आपल्याला एका उदात्त, उत्तुंग आणि उन्नत अवस्थेत घेऊन जातो. त्यांच्या जीवनाचा वेध घेणे म्हणजे भारतीय संस्कृती, तिचे नैतिक अधिष्ठान, तिची जीवनमूल्यपद्धती यांचा अभ्यासच आहे. त्यांनी दिलेला सहिष्णुतेचा संदेश खऱ्याखुऱ्या ज्ञानाचा आविष्कारच आहे. त्यामुळे स्वामीजी या देशाचे एक आदर्श, अनुकरणीय प्रवर्तकच ठरतात. त्याशिवाय, आपल्या सभोवतालच्या तळागाळातील जनसामान्यांच्या कल्याणासाठी संन्याशांचा संप्रदाय रामकृष्ण मिशनच्या माध्यमातून निर्माण करण्याचे जे व्रत त्यांनी घेतले त्यामुळे स्वामी विवेकानंद एक महान प्रेषित व असाधारण लोकाग्रणी

| | | | |
|---|---|---|---|
| ३६. | शाश्वत जीवनमूल्य के संदर्भ मे स्वामी विवेकानंद की विचारधारा | प्रा. डॉ. कविता राजेंद्र तातेड | २६१ |
| ३७. | स्वामी विवेकानंद यांचे वैश्विकयोगदान | प्रा. बनसोडे सुवर्णा महादेव | २७४ |
| ३८. | आधुनिक भारत के राष्ट्रपुरुषः स्वामी विवेकानंद | भिकाणे शोभा राजेंद्र | २८२ |
| ३९. | स्वामी विवेकानंदांचा कर्मयोगाविषयी उपदेश | पुष्पा गायकवाड | २८७ |
| ४०. | स्वामी विवेकानंदांचे राजकीय विचार | प्रा. डॉ. वृषाली लक्ष्मीकांत फुके | २९९ |
| ४१. | तरुणांचे आदर्श - स्वामी विवेकानंद एक चिकित्सक अभ्यास | प्रा. संतोष खंडोजी माळवटकर | ३०५ |
| ४२. | स्वामी विवेकानंदाची युवकांना शिकवण | डॉ. सुचिता निवृत्तीराव किडीले | ३१३ |
| ४३. | स्वामी विवेकानंद आणि जागतिक शिकागो परिषद | डॉ. रमाकांत शिवाजीराव शांतलवार | ३१८ |
| ४४. | विश्व विजेते स्वामी विवेकानंद | प्रा. डॉ. मोरे बब्रुवान केरबाजी | ३२५ |
| ४५. | स्वामी विवेकानंद यांचे शिक्षण विषयक विचार | श्री. सुरेश नामदेव दांडगे | ३३९ |
| ४६. | स्वामी विवेकानंदांचे तत्वविचार आणि कर्मयोग | प्रा. डॉ. बालाजी मारूती गव्हाळे | ३४४ |
| ४७. | स्वामी विवेकानंद यांचे नवभारतासंबंधीचे मौलिक विचार : एक अभ्यास | प्रा. डॉ. शिवाजी ज्ञानोबा मुळे | ३५३ |





| | | | |
|---|---|---|---|
| ४८. | स्वामी विवेकानंद यांचे सामाजिक जीवनातले विचार | अजय श्रीराम मुरमुरे | ३५७ |
| ४९. | स्वामी विवेकानंदांचे शिक्षण विषयक विचार | जाधव ज्ञानेश्वर बाळासाहेब | ३६६ |
| ५०. | स्वामी विवेकानंद (१८६३–१९०२) यांचे शिक्षणविषयक विचार | प्रा. डॉ मधुकर गणेश मोकाशी | ३७२ |
| ५१. | स्वामी विवेकानंद एक महान राष्ट्रभक्त | बाबुराव चोखाजी पाईकराव | ३७६ |
| ५२. | जीवनातील यशासाठी आणि नेतृत्व गुणासाठी स्वामी विवेकानंदांचे आध्यात्मिक विचार | डॉ. जाधव दत्ता उध्दव | ३८४ |
| ५३. | स्वामी विवेकानंदांचे प्रेरणादायी विचार आणि आजची तरुण पिढी | डॉ. ज्योती रामराव रामोड | ३९३ |
| ५४. | विश्वविजेते स्वामी विवेकानंद | प्रा. डॉ. ए. पी. बर्वे | ४०० |
| ५५. | स्वामी विवेकानंद धर्म आणि विज्ञान | निवेदिता नागनाथ सातपुते | ४०६ |

परिणाम आपण सर्व अनुभवत आहोत. सुशिक्षित तरुण सतत भीती आणि तणावात राहतात ज्यामुळे ते नैराश्याकडे जातात. या परिस्थितील तरुणांना अशा आदर्शांची गरज आहे, जो त्यांना या हताश परिस्थितीतून बाहेर पडण्याचा मार्ग दाखवू शकेल. स्वामी विवेकानंदांचे मुल्यशिक्षण तत्वज्ञान अंगीकारणे हाच यातून बाहेर पडण्याचा राजमार्ग आहे.

अध्यात्मिक तत्त्वज्ञानातून आधुनिक शिक्षणाच्या संकल्पना विवेकांनदांनी विकसित केल्या आहे. प्राचीन भारतीय संस्कृतीच्या अधिष्ठानावर मानवनिर्मितीच्या शिक्षणाचे मंदिर उभारलेले आहे. त्यांनी युवकांना प्रेरणा दिली. स्त्रियांच्या उन्नती करीता शिक्षणाचा मार्ग प्रशस्त केला. जनसामान्याच्या उत्थानासाठी ज्ञानाची दालने खुली केली. आजच्या आधुनिक शैक्षणिक तत्वांचा पुरस्कार विवेकानंदांनी केलेला आढळतो. त्यांनी मनुष्याचा क्षमतावर विश्वास ठेवून त्यांच्या सर्वांगीण विकासाला उपयुक्त शिक्षण प्रस्तुत केले. आत्मविश्वास, आत्मसाक्षात्कार, आत्मनिष्ठा ह्यांच्या सहाय्याने मनुष्याचे उन्नयन शिक्षणाव्दारे करण्याचा मार्ग दाखविला.


संदर्भ :

१) राजपूत, जे. एस., भारतीय तरुणांना नैतिक मुल्यांची गरज, द रामकृष्ण मिशन इन्स्टिट्यूट ऑफ कल्चर,2011(संपा.), पृ. 1.
२) वि.रा.करंदीकर 'विश्व मानव स्वामी विवेकानंद' खंड-१ पृ.क्र.२३९.
३) शिक्षण व समाज, त्रैमासिक अंक, एप्रिल-सप्टेंबर २०००, इंडीयन इन्स्टिट्यूट ऑफ एज्युकेशन, पुणे, पृ.क्र.६९.
४) Swami Vivekananda, Letters of Swami Vivekananda, published by advaitha Ashrama,१९४०
५) स्वामी विवेकानंद, नवा भारत घडवा, रामकृष्ण मठ, नागपूर,२००८
६) Swami Vivekananda, My Idea of Education, Published by, Advaita Ashrama,P.O. Mayavati, Dt. Champawat, Uttarakhand २००८
७) विनय कुमार रॉय-विकानंदाचे सामाजिक, राजकीय विचार' लोकवाङमय गृह, मुंबई पृ.३०
८) स्वामी विवेकानंद, संवाद आणि भाषणे, खंड क्र. ७, रामकृष्ण मठ, नागपूर, पृ..३३.
९) स्वामी विवेकानंद, भारतीय नारी, रामकृष्ण मठ, नागपूर (१९९०) पृ .३६-३८
१०) स्वामी विवेकानंद, हिंदू स्त्री:आजची आणि उद्याची, रामकृष्ण मठ, नागपूर, पृ.क्र.२०४




# शाश्वत जीवनमूल्य के संदर्भ मे स्वामी विवेकानंद की विचारधारा


प्रा. डॉ. कविता राजेंद्र तातेड

इतिहास विभागाध्यक्ष

लोकनायक बापूजी अणे महिला महाविद्यालय, यवतमाळ.


## प्रस्तावना

मूल्य शब्द मूल रूप मे अर्थशास्त्र से जुडा है. बाजार मे मूल्य का निर्धारण वस्तू के गुणवत्ता के आधार पर किया जाता है. यही शब्द अब मानव समाज के संदर्भ मे प्रयुक्त होता है तो मानवता के परिप्रेक्ष मे स्वीकृत नैतिक तत्व के परख का मापदंड बन जाता है, अर्थात मानव की गुणवत्ता ही उसकी मूल्यवत्ता का आधार बन जाती है. मूल्य मानव जीवन के दिशादर्शक आदर्श है. समाज को आगे बढने की प्रेरणा देते है. मनुष्य को सन्मार्ग पर अग्रेसर करने वाले आदर्श या सिद्धांत ही जीवनमूल्य कहलाते है. भारतीय परंपराने जीवन मूल्य को आध्यात्मिक स्तर पर प्रतिष्ठित किया गया है. शाश्वत मूल्य का अर्थ होता है जीवन को समझना, जीवन की योग्यता किसमे है? जीवन के सार्थकता कहा कैसे और किस मे निहित है? जीवन का उद्देश क्या है? इन सभी प्रश्न का उत्तर शाश्वत जीवनमूल्य के निर्धारण होने को लेकर है. विश्व मे भारतीय संस्कृती के शाश्वत जीवनमूल्य को प्रस्थापित कर भारतीय चिंतनधारा को प्रभावी रूप से स्थापित करने मे स्वामी विवेकानंद का अतुलनीय योगदान दिखाई देता है. विवेकानंद कहते हैहम वही है जो हमारे सोच हमे बनाया है, इसलिये इस बात का ध्यान रखे की आप क्या सोचते है. शब्द गौण हे, विचार जीवित रहते,है, वे दूर की यात्रा करते है.

## सांस्कृतिक विरासत के प्रहरी

लिए दक्षिणेश्वर मे रामकृष्ण के पास जाना चाहिए। उन्होंने उनके कुछ छात्रों को रामकृष्ण के पास जाने के लिए प्रेरित किया।

सन 1881 में, जब नरेंद्र अपनी आगामी एफ.ए. परीक्षा की तैयारी कर रहे थे, रामचंद्र गुप्त ने उन्हें सुरेंद्रनाथ मित्रा के घर पर एक व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया था। इस सभा में रामकृष्ण भी उपस्थित थे.युवा नरेंद्र के गायन से सभी प्रभावित हुए. इस समय रामकृष्ण से नरेंद्र की मुलाकात हुई. इस घटना से नरेंद्र दक्षिणेश्वर आने के लिए प्रभावित हुए। नरेंद्र ने वहां पहली मुलाकात में अध्यात्मिकता अथवा शाश्वत मूल्य पर विचार नहीं किया।

सन १८८२ में नरेंद्र दो मित्रों के साथ दक्षिणेश्वर गए और रामकृष्ण से मिले।

यह मुलाकात उनके जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई। हालाँकि, उन्होंने शुरू में रामकृष्ण को अपने शिक्षक के रूप में स्वीकार नहीं किया और उनके विचारों के प्रति उत्साह नही दिखाया. चर्चा के माध्यम से नरेंद्र उनके व्यक्तित्व से आकर्षित हुए और उन्होंने शुरू में रामकृष्ण को एक व्यक्ती के रूप मे देखा और उनका परीक्षण किया, जो धैर्यपूर्वक तर्कों का सामना करते है। "सत्य को सभी को रूप मे देखने का प्रयास करे"इस विचार ने उनके जीवन को बदल दिया.

अध्यात्मिक क्षेत्र में मन के निरंतर नियंत्रण का प्रवाह दिन प्रती दिन अभ्यास करणे पर स्थिर हो जाता है और मन निरंतर एकाग्रता की क्षमता प्राप्त करता है.

एक दिन नरेंद्र ने रामकृष्ण से उनके परिवार के आर्थिक कल्याण के लिए देवी काली से प्रार्थना करने का अनुरोध किया। राम कृष्ण ने उन्हें स्वयं मंदिर जाकर प्रार्थना करने का सुझाव दिया। रामकृष्ण के सुझावों के बाद वे तीन बार मंदिर गए, लेकिन किसी भी प्रकार की सांसारिक आवश्यकताओं के लिए प्रार्थना करने में विफल रहे और अंततः देवी से सच्चे



ज्ञान और भक्ति के लिए प्रार्थना की . नरेंद्र धीरे-धीरे भगवान को पाने के लिए सब कुछ त्यागने के लिए तैयार हो गए और रामकृष्ण को गुरु के रूप मे स्वीकार कर लिया. उन दिनों उनमें कितनी प्रबल वैराग्य भावना थी!

सन 1887, नरेंद्र ने विष्णु चरण बसाली के साथ एक बंगाली गीत संकलन संगीत कल्पसूत्र संकलित किया। नरेंद्र ने इस के अधिकांश गीतों का संग्रह और व्यवस्था की, लेकिन प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण पुस्तक का काम पूरा नहीं कर सके।

स्वामी विवेकानंद धर्म को सदैव वैज्ञानिक दृष्टिकोन से देखने का प्रयास किया. उनका मानना है कि मानव जाती के विकास मे सर्वाधिक महत्वपूर्ण धर्म की रही है. सभी सामाजिक संघटने के मूल मे धर्म की शक्ती ही कार्य कर रही है. धर्म को संप्रदाय, जाती, राष्ट्र की सीमा मे नही बांधा जाना चाहिए. वैश्विक युग्मे धर्म को विश्वव्यापी होना चाहिये. धर्म को सर्व समावेशी होना चाहिये. ईश्वर संबंधी आदर्श की भिन्नता के कारण किसी का भी तिरस्कार नही किया जाना चाहिए. ईश्वर संबधी सभी सिद्धांत सगुण, निर्गुण, अनंत, नैतिक नियम सभी को धर्म की एक ही परिभाषा के अंतर्गत लाया जाना चाहिये. इतना उदार होने पर धर्म की शक्ती दोगुना बढ जायेगी. लोक कहते है की धर्म कट्टरता विकसित कर रहा है पर सत्य है कि सुसंस्कृत एवं उदार धर्म की शक्ती को अभी संपूर्ण मानव जाती मे प्रवेश कराना है. सभी धर्म मनुष्य के मन के कुछ क्षणो के लिए इंद्रिय और बुद्धी की सीमा से परे चले जाने पर आधारित है. ऊन क्षणो मे मनुष्य ने उन तथ्य से साक्षात्कार किया जिस का ज्ञान इंद्रिय व चिंतन के द्वारा कभी संभव नही हो सकता था. स्वामी कहते है की हमे धर्म को बुद्धी की कसोटी पर कसने का प्रयास करना चाहिए मगर यह भी ध्यान रखना चाहिए की धर्म भौतिकशास्त्र के सभी अविष्कारो की तुलना मे अतिसूक्ष्म है.

स्वामीजी के अनुसार.. जब तक आप खुद पर विश्वास नही करते तब तक भगवान पर विश्वास नही कर सकते.

तब राष्ट्र एक आदर्श राष्ट्र के रूप में जाना जाएगा. अच्छे गुणों के संग्रह के लिए युवाओं को आदर्श तरीके से जीना होगा.राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया के लिए सभी युवाओं को एकजुट होना चाहिए आदर्श चरित्र दूसरों को अच्छे व्यवहार के लिए प्रेरित करेंगे. स्वामी विवेकानंद ने आध्यात्मिकता पर जोर दिया, उनके अनुसार जो कुछ भी आपको शारीरिक बौद्धिक और अध्यात्मिक रूप से कमजोर बनता है उसे जहर के रूप मे आप अस्वीकार कर दे. देश का युवा आध्यात्मिक रूप से मजबूत होना चाहिए, तभी उसका आदर्श चरित्र होगा। आदर्श चरित्रों के होने से ही समाज और राष्ट्रकी आदर्श संकल्पना साकार होगी.

दिसंबर १८८६ में नरेंद्र और उनके अन्य सहयोगी को अनंतपुर गांव में आमंत्रित किया गया. नरेंद्र और अन्य इच्छुक भिक्षुओं ने निमंत्रण स्वीकार कर लिया और कुछ दिन बिताने के लिए अनंतपुर चले गए. सन १८८८ स्वामी जी ने अंतपुर मठ छोड़ दिया.

एक आश्चर्यचकित परिवर्तन के साथ साधु के धार्मिक, अध्यात्मिक जीवन की सुरुवात की. स्वामी जी ने पांच साल तक भारत में बड़े पैमाने पर यात्रा की, शिक्षा के केंद्र का दौरा किया और खुद को विविध धार्मिक और सामाजिक परंपराओं से परिचित कराया. उन्होंने वाराणसी, अयोध्या, लखनऊ, आगरा, ऋषिकेश का दौरा किया। दिल्ली के ऐतिहासिक स्थलों का दौरा करने के बाद, स्वामी जी ने राजपुताना की ओर अपनी यात्रा शुरु की. वे जयपुर, अजमेर , माउंट आबू गए. स्वामीजी ने पुणे, कोल्हापुर महाबलेश्वर का भी दौरा किया।

स्वामी विवेकानंद हमेशा गौरवशाली भारत का सपना देखते थे. वे चाहते थे कि भारत विश्व में शक्तिशाली और गौरवशाली राष्ट्र बने. वर्तमान भारत को गौरवशाली भारत में बदलने के लिए धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन आवश्यक होने चाहिए. भारत का गौरवशाली अतीत और इतिहास रहा है.युवाओं को



इतिहास से सबक लेना चाहिए और राष्ट्र के लिए योगदान देना चाहिए. राष्ट्रवादी आंदोलन के लिए युवा शक्ति निर्णायक है. युवा इस देश को गौरव के पथ पर ले जाएंगे.

**शैक्षिक विचारधारा**

स्वामी विवेकानंद अपने पूरे जीवन में एक प्रतिभा संपन्न छात्र थे. मेहनती नरेंद्र दत्तने ने ईश्वर चंद विद्यासागर महानगरीय संस्थान में दाखिला लिया, जहाँ उन्होंने १८७७ तक पढाई की.

वह प्रेसीडेंसी कॉलेज प्रवेश परीक्षा में प्रथम श्रेणी के अंक प्राप्त करने वाले एकमात्र छात्र थे. वह दर्शन, धर्म, इतिहास, सामाजिक विज्ञान, कला और साहित्य सहित विषयों की एक व्यापक पाठक थे, वह वेद, उपनिषद, भागवत गीता, रामायण, महाभारत और पुराणों सहित हिंदू शास्त्रों में भी रुचि रखते थे,उन्हें भारतीय शास्त्रीय संगीत में भी प्रशिक्षित किया गया था. एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि वे नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम, खेलकूद और संगठित गतिविधियों में भी भाग लेते थे.

स्वामी जी ने अनेक शैक्षणिक संस्था में पश्चिमी तर्कशास्त्र, पश्चिमी दर्शन और यूरोपीय इतिहास का अध्ययन करते हुए भारतीय संस्कृती की परंपरा को समझने का प्रयास किया. सन

1881 में, उन्होंने ललित कला की परीक्षा उत्तीर्ण की और सन1884 में कला स्नातक की डिग्री पूरी की। स्वामी जी ने हर्बर्ट स्पेंसर, जेम्स मील, डेविड ह्यूम, चार्ल्स डार्विन का भी अध्ययन किया. वे हर्बर्ट स्पेंसर के मूल्यांकन से मोहित हो गए और स्पेंसर की पुस्तकों का अनुवाद करते हुए उनके साथ पत्र व्यवहार किया. बंगाली में शिक्षा, पश्चिमी दार्शनिक का अध्ययन के साथ उन्होंने संस्कृत शास्त्र और बंगाली साहित्य भी सीखा. विलियम हेस्टी ने लिखा.. "नरेंद्र वास्तव में एक प्रतिभाशाली छात्र है. मैंने व्यापक यात्रा की है लेकिन मुझे तुलनात्मक रूप से कभी भी उनकी प्रतिभा और संभावनाओं के समान और कोई नही मिला, यहां तक

को प्रभावित करते है. भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के कई प्रख्यात नेता स्वामी विवेकानंद के प्रति आस्था प्रकट करते हुए कहते है की स्वामीजी निरंतर अभिव्यक्त होने वाले ज्ञानरुपी नदी की बहती धारा है, समुचा विश्व स्वामीजी के प्रति ऋणी रहेगा.

**निष्कर्ष..**

"उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक की लक्ष प्राप्त न हो जाये" इस घोषणा के जनक स्वामी विवेकानंद ने भारत के कल्याण के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान दिया। उन्होंने शिकागो में धार्मिक सम्मेलन में भाग लेकर विश्व मे भारतीय संस्कृती की श्रेष्ठता को पुनर्स्थापित किया. उन्होने हमेशा मानव जाति के कल्याण के लिए सार्वभौमिक भाईचारे का संदेश दिया. मानवता शब्द के प्रति उनका दृष्टिकोण सार्वभौमिक बंधुता की प्रति व्यक्त किया गया विश्वास उनके शाश्वत जीवनमूल्य को दर्शाता है. भारत के युवाओं को उनके द्वारा बताये गये सार्वभौमिक भाईचारे के सिद्धांतों से प्रेरित होना चाहिए. वर्तमान मे सार्वभौमिक भाईचारे के सिद्धांत को हर देश को अपनाना चाहिए. वसुधैव कुटुम्बकम का पालन ही विश्व को शांति और सहयोग के मार्ग पर ले जाने मे सफल होगा. स्वामी विवेकानंद ने हमारे युवाओं को उनके जीवन में एक प्रकाशस्तंभ के रूप मे निर्देशित किया. उन्होने सोचा कि युवा आधुनिक और विकसित भारत के स्तंभ होने चाहिये. उन्होंने युवाओं के लिए आदर्श चरित्र पर भी जोर दिया. वह भारत को आधुनिक और विकसित भारत में बदलना चाहते थे.हमें स्वामी विवेकानंद के सभी अनमोल विचारों पर विश्वास करते हुए अपने देश के प्रति शाश्वत मूल्य को विकसित करने मे अमूल्य योगदान देना चाहिए.

**क्रियानावयन.**

१. स्वामी विवेकानंद के वैचारिक योगदान से नई पिढी को परिचित करणे हेतू उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम मे उसे समाविष्ट किया जाये.



२. स्वामी विवेकानंद द्वारा स्थापित रामकृष्ण मिशन के जनकल्याणकारी उपक्रम से समाज को परिचित करने की आवश्यकता है.

३. आज भारतीय संस्कृती के साथ मे पाश्चात्य सभ्यता के अध्ययन की जरुरत है, जिसके आधार पर भारतीय संस्कृती की अखंडता, एकरूपता को परखा जा सकता है.

४. समाज के विविध स्वयंसेवी सामाजिक संघटना के साथ जुडकर स्वामी विवेकानंद जी के विचार को प्रसारित किया जा सकता है.

५. राष्ट्रहित को महत्व देकर समाज मे परिवर्तन लाने के लिए, शिक्षा को आधार बनाकर स्वामी विवेकानंद द्वारा स्थापित शाश्वत मूल्य को समझने की आवश्यकता है.

**संदर्भ.. स्वामी विवेकानंद द्वारा रचित ग्रंथसंपदा......**

१.कर्मयोग २. ज्ञानयोग. ३ भक्ती योग

४. हिंदू धर्म.५. मेरा जीवन तथा ध्येय.

६ .वर्तमान जागृती का संदेश.

७.धर्म तत्व.८. शिक्षा.

९ राजयोग.१०. भारतीय नारी.

***

3.3.3

Books Chapter



# भारतीय दलित चिंतन

## साहित्यिक एवं सामाजिक सरोकार

संपादक

डॉ.अनिल कुमार बारिया | डॉ.अनिता गोयल

© सर्वाधिकार सुरक्षित
प्रकाशक की पूर्व अनुमति के बिना इस प्रकाशन का कोई भी हिस्सा, किसी भी रूप में या किसी भी प्रकार से इलेक्ट्रॉनिक, मशीन, या फोटोकॉपी या रिकॉर्डिंग द्वारा प्रतिलिपित या प्रेषित नहीं किया जा सकता।

**विशेष सूचना**

इस पुस्तक में लिखित सामग्री लेखक/लेखिका के अपने विचार हैं, जिसके लिए प्रकाशक उत्तरदायी नहीं होगा।

© स्वत्त्वाधिकार : संपादक
डॉ. अनिल कुमार बारिया, डॉ. अनिता गोयल
प्रथम संस्करण : 2022
ISBN : 978-93-95358-57-6

मूल्य: रु: 550.00/-

प्रकाशक / विपणक
**इंडिया नेटबुक्स प्राइवेट लिमिटेड**
मुख्यालय : सी-122, सेक्टर 19, नोएडा, 201301
गौतमबुद्ध नगर (एन. सी. आर. दिल्ली)
फोनः +91 120437693, मोबाइल +91 9873561826
ई-मेलः indianetbooks@gmail.com
website: www.indianetbooks.com

Associate Company:
**India Netbooks LLC**
3726 Hunters Point Street
San Antonio TX 78230 USA
Phone: +919873561826
Email:inbllcusa@gmail.com

आवरण सज्जा : विनय माथुर
मुद्रितः साई ग्लोरिसांग्स प्रेस, दिल्ली-110053

*"जिसे अपने दुःखों से मुक्ति चाहिए*
*उसे लड़ना होगा*
*और जिसे लड़ना है*
*उसे पहले पढ़ना होगा।*
*क्योंकि*
*ज्ञान के बिना लड़ने गए*
*तो हार निश्चित है।"*

— *डॉ. भीमराव अम्बेडकर*

10. भाषा की शिष्टता और दलित साहित्य ........ 135
*डॉ. शालिनी मूलचंदानी*

11. विरोध, विद्रोह और चेतना का अद्भुत–काव्य संग्रह 'माँ मुझे मत दो' ........ 149
*प्रीति बिनावरा*

12. दलित लेखन : अस्मिता की तलाश ........ 162
*डॉ. बबीता काजल*

13. नासिरा शर्मा के उपन्यास और दलित–चेतना ........ 167
*डॉ. समय सिंह मीना, डॉ. प्रेमलता मीणा*

14. दलित साहित्य का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य ........ 179
*डॉ. रामकुमार घोटड़*

15. हिन्दी दलित साहित्य को सुशीला टाकभौरे की देन ........ 188
*डॉ. धीरज वणकर*

16. बुद्ध–फुले–अम्बेडकर साहित्य में बहुजन महिलाओं का योगदान ........ 195
*डॉ. कुसुम मेघवाल*

17. दलित वैचारिकी एवं गोदान के पात्र ........ 211
*डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंघवी*

18. दलित कहानी में चित्रित परिवेश ........ 218
*डॉ.– अनिता वर्मा*

19. 21वीं सदी में डॉक्टर अंबेडकर की प्रासंगिकता ........ 232
*सत्य प्रकाश*

20. वर्तमान में रैदास वाणी की प्रांसंगिकता ........ 240
*डॉ.सी.एल.महावर*

21. ओमप्रकाश वाल्मीकि के काव्य में दलित विमर्श ........ 245
*डॉ. देवीदास बोर्डे*





22. दलित चेतना के साहित्यिक प्रतिमान : एक अनुशीलन ........ 252
*डॉ. बंशीलाल*

23. हिन्दी दलित कहानियों में फुले अम्बेडकर वैचारिकी ........ 260
*डॉ. बुद्धिराम*

24. दलित साहित्य और संत रविदास ........ 272
*डॉ. मंजु पुरी*

25. दलित विमर्श और दलित साहित्य का मूल तत्त्व है दलित चेतना ........ 280
*डॉ. गोपीराम शर्मा*

26. 'संघर्ष' : दलित चेतना का यथार्थ ........ 288
*डॉ. विनोद कुमार*

27. अनुभूत सत्य की अभिव्यक्ति : दलित साहित्य ........ 294
*डॉ. मोहिनी दहिया*

28. गुरदयाल सिंह का 'मढ़ी का दीवा' : आर्थिक समानता ही दलित मुक्ति ........ 300
*डॉ. किरण ग्रोवर*

29. दलितोद्धार के प्रणेता महात्मा बसवेश्वर ........ 314
*डॉ. संतोषकुमार गाजले*

30. Role of Dr. B.R. Ambedkar in The of Development of Tribal Community: ........ 323
*Dr. Sanjeeva Kumar and M. Pote*

31. Sartorial Epistemology of Ratan Kumar Sambharia's Short Story "Bes" ........ 337
*Deepak*

32. Janki: A Revolutionary Protagonist Portrayed by Baburao Bagul in the novel Sood' ........ 346
*Mr. Ramesh Baburao Ghegadmal*

# दलितोद्धार के प्रणेता महात्मा बसवेश्वर

*डॉ. संतोषकुमार गाजले*
सह–आचार्य–हिंदी विभागाध्यक्ष, लोकनायक बापूजी अने महिला
महाविद्यालय,यवतमाल. 445001 (महाराष्ट्र)

मानव सभ्यता का इतिहास इस बात का साक्षी है कि मनुष्य जाति का प्रारंभिक जीवन जंगलों में प्रकृति की गोद में बीता है। यहाँ मनुष्य का जीवन पूर्णता प्राकृतिक था। और प्रकृति की गोद में बैठे मनुष्य ने कई ऐसे दृश्य देखें जिन्हें देखकर भय और जिज्ञासा का भाव जागृत होता था। फलस्वरूप सृजनकारी शक्तियों के प्रति लोगों की गहरी आस्था ने प्रायः धार्मिक विश्वास का रूप ले लिया था। कालांतर में इन्हीं विश्वासों ने धार्मिक सिद्धांतों का रूप ग्रहण किया और मानव सभ्यता में धर्म नामक सर्वग्राही और सर्वव्यापी संकल्पना की नीव पडी। प्रारंभ में 'धर्म' का उद्देश्य पूर्णतः लोकमंगल की भावना रही है। किन्तु कालांतर में कुछ स्वार्थी तत्त्वों ने इस 'धर्म' को अपनी स्वार्थसिद्धि का साधन मात्र बनाया है। फलस्वरूप हम देखते हैं कि लोकमंगल की भावना से प्रसूत 'धर्म' की अवधारणा समाज के एक बहुत बड़े वर्ग के लिए मात्र अभिशाप बनकर उभरी है। जहाँ स्वार्थ प्रेरित लोगों के द्वारा बनाई गई व्यवस्था ने समाज का न सिर्फ शोषण और दोहन किया गया है, बल्कि उनमें हीनता की ऐसी भावना भर दी कि हजारों वर्षों तक समाज का यह अंग, पीडित, शोषित एवं प्रताडित होता रहा है। और इन सभी अमानवीय चीजों को 'धर्म' की संज्ञा देकर कुछ चालाक लोग समाज को हमेशा एक भयग्रस्त वातावरण में जीवन यापन करने के लिए विवश करते रहे हैं। 'धर्म' और 'भगवान' के नाम पर रचा गया यह भयावह संसार समाज में आज भी विद्यमान है। संतोष की बात यह कि उसकी परिधि सिकुड़ती जा रही है।

धर्म के नाम पर किया जानेवाला शोषण और की जानेवाली प्रताडना इतनी भयावह थी कि इस स्थितियों को भोगे हुए लोगों की कड़वी स्मृतियों आज भी उन्हें आतंकित कर देती है। इस शोषणचक्र का स्वरूप इतना दुष्ट और अमानवीय था कि जिन्हें याद करने के बाद हम 'भारतीय संस्कृति





महान है' कहने का साहस जुटा ही नहीं पाते हैं। क्योंकि, समाज के इन पिछडे वर्गों पर हुए अन्याय और अत्याचार उनका किया गया शोषण और दोहन भी हमारी ही संस्कृति का हिस्सा रही है। यद्यपि आज धर्म के नाम पर किये जानेवाले शोषण कमी आई है किन्तु ये पूर्णतः समाप्त अभी भी नहीं हुई है। हाँ एक और सत्य यह है, यदि आज शोषण का यह चक्र कुछ धीमा हुआ है तो इसका श्रेय हमारे देश में विभिन्न युगों में जन्मे महापुरूषों को जाता है। एक सुदीर्घ संघर्ष इस व्यवस्था के विरूद्ध हमारे महापुरूषों ने किया है, तब कहीं जाकर पिछडे, जाति और प्रताडित लोगों के समानधिकार की वकालत की जा रही है व उसका स्वीकार किया गया है।"[1] जिन महापुरूषों ने इस दुष्चक्र को समाप्त करने की सार्थक चेष्टा की है, उनकी एक प्रदीर्घ परम्परा रही है और इसका इतिहास लगभग पाँच हजार साल पुराना है। इसलिए, जिन महामानवों के नाम इस सूची में आते हैं उनकी संख्या भी अधिक है। इन सबका समुचित समाकलन न तो यहाँ किया जा सकता और न ही यह मेरा उद्देश्य ही है। मैं तो सिर्फ एक ऐसे महामानव के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालना चाहता हूँ जिनका भारतीय समाज में योगदान तो अतुलनीय रहा है, किन्तु हमारे देश मनीषा का ध्यान उनकी ओर अपेक्षाकृत कम गया है। जबकि वे भारत के पहले समाजवादी अर्थशास्त्री लोकतांत्रिक व्यवस्था का सूत्रपात करनेवाले महान विचारक और भारत के प्रथम दलितों और स्त्रियों के उन्नायक रहे है। इनका व्यक्तित्व एक साथ कई आयामों को संस्पर्श करता है। ऐसे महामानव का नाम है महात्मा बसवेश्वर समाज शरण भूषण और अनुभव मंटप के गौरव महात्मा बसवेश्वर मूर्तिमंत आदर्श थे। वे मनस्वी, दृढ प्रतिज्ञ, साधक स्वरूपी, महामना महामानव थे।"[2]

महात्मा बसवेश्वर का व्यक्तित्व इतना क्रांतिकारी और सृजनशील था कि पूरे भारतवर्ष में प्रतिभा और कृतित्व के परिप्रेक्ष्य में वे अपना सानी नहीं रखते। जिनके विचार इतने प्रखर, व्यवहार्य, सर्वजनहिताय, वैज्ञानिक और प्रासंगिक है कि उनके विचारों का अनुशीलन करना समग्र भारतवर्ष के लिए लाभदायी सिद्ध होगा। बसवेश्वर के संदेश उस जलाशय की भाँति है जिसमें सभी प्राचीन विचार धाराएँ बहकर आती है और जहाँ से सारी अर्वाचीन विचारधाराएँ फूट पडती हैं। बुद्धदेव की भाँति करुणामय, भगवान [illegible]वीर की तरह उदात्त, महात्मा यीसू की भाँति सहनशील,

हजरत मुहम्मद पैगंबर की भाँति धैर्यवान साराशतः बसवेश्वर हमें बहुतायत विधना की एक अद्भुत निर्मिती के रूप में दिखाई देते हैं। उनके विचारों से हम प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकते। जिन्होंने 12 वीं शताब्दी में ही आधुनिक विचारवेत्ताओं के संभावित विचारों का सूत्रपात किया है। बसवण्णा का व्यक्तित्व और कृतित्व इतना व्यापक और विस्तृत है कि उसका समग्र विवेचन यहाँ करना संभव नहीं है, इसलिए मैं सिर्फ अस्पृश्योद्धार के परिप्रेक्ष्य में उनके प्रदेय को यहाँ विवेचित करना चाहता हूँ। सर्वप्रथम बसवण्णा के व्यक्तित्व के सन्दर्भ में कुछ परिचय सूत्रों को देना आवश्यक प्रतीत होता है। जो विवेच्य विषय तथा यहाँ पर उपस्थित विद्वानों के द्वारा प्रस्तुत विषय के समाकलन के लिए आवश्यक है। महात्मा बसवेश्वर का जन्म सन 1105 ई. में मंगलवेदा जिला सोलापुर (महाराष्ट्र) में एक शैव ब्राह्मण परिवार में हुआ। जिन्होंने विज्जल के दरबार में महामंत्री के पद पर कार्यरत रहते हुए शरण आन्दोलन की नींव रखी है, जिसे लिंगायत 'धर्म' के रूप में स्थापित कर शरणों के वचन साहित्य के प्रणेता बने।"[3]

इस वचन साहित्य की तुलना हिन्दी के संत साहित्य से की जा सकती है। जो संख्यात्मक गुणात्मक और प्रभाव की दृष्टि से संतों की वाणी की समकक्षता आसानी से कर सकता है। बसवण्णा ने जिस लिंगायत धर्म की नींव रखी वह बेहद ही वैज्ञानिक, व्यवहार्य और मानवतावादी धर्म है। जो समता, बंधुता, स्वातंत्र्य और सर्वजनहिताय की भावना की नींव पर खड़ा है। ईश्वर को निर्गुण, निराकार, अगम्य और अगोचर मानकर उसकी उपासना का अधिकार सबको दिया है। आज पूरे भारतवर्ष में इस धर्म के अनुयायियों की संख्या लगभग आठ करोड़ है। अब मुझे लगता है कि सुधिजनों के द्वारा बसवण्णा के व्यक्तित्व तथा कृतित्व का समाकलन करने के लिए इतना परिचय काफी है। हाँ तो अब मैं मुख्य विवेच्य विषय की ओर बढ़ता हूँ। मेरी मान्यता यह है कि भारतवर्ष में सर्वप्रथम यदि किसी ने अस्पृश्यता निवारण की दिशा में सार्थक प्रयत्न किये हैं, तो वे महाविभूति सिर्फ महात्मा बसवेश्वर है। क्योंकि, परम्परा के सत्य को आत्मसात कर साम्प्रदायिकता से समाज को मुक्त करना उनकी वैचारिकता की महान साधना थी। उन्होंने देख लिया कि जब तक जाति–पाँति का निर्मूलन नहीं होगा तब तक समाज में एकता नहीं आ पायेगी। सामाजिक एकता के बिना सुख, शांति, सम्पदा कुछ हाथ नहीं आ[illegible]गी अंतः शांति के लिए बाह्य



शांति आवश्यक है। अतः जाति निर्मूलन तथा समाज के तर–तम भेदभाव को मिटाने के लिए शिवशरणों ने अनेक नीति संहिताओं को अपनाया है। गुरु–लिंग–जंगम की उपासना के माध्यम से जातीयता का निर्मूलन का मार्ग बताया है।"[4] नारी की स्वतंत्रता एवं समानता को मान्यता देकर व्यक्ति की स्वतंत्रता एवं गणतंत्र के धरातल पर नव समाज का निर्माण करना उनका लक्ष्य रहा है। उनको इस बात का पूरा परिज्ञान था कि जब तक छुआछूत का मुलोत्पाटन नहीं किया जाता, जाँति–पाँति का भेद मिटाया नहीं जाता तब तक, समाज को समुन्नति के शिखर तक पहुँचाना असंभव है, इसलिए उन्होंने पहला कुठाराघात कर अव्यवहार्य और अमानवीय जाति व्यवस्था पर प्रहार किया और प्रत्युत उसके 'लिंगायत धर्म के रूप में एक ऐसी व्यवस्था दी, जो तत्कालीन पीडित, शोषित और प्रताडित जनों के लिए मुक्ति का महाद्वार सिद्ध हुई है। बसवण्णा ने धर्म की नीव 'दया' को घोषित किया और कहा–

*दया विहीन धर्म कौन–सा?*
*दया होनी चाहिए सभी प्राणियों के प्रति*
*दया ही धर्म का मूलमंत्र है,*
*दया विहीन को कभी न अपनायेंगे*
*कुडलसंगमदेव।"[5]*

बसवण्णा के सन्दर्भ में मैने अभी जो स्थापना दी कि वे भारत में दलितों और स्त्रियों प्रथम उन्नायक थे, इसे और अधिक स्पष्ट करने के लिए निम्नांकित बिन्दुओं पर प्रकाश डालना सही प्रतीत होता है।

भारत में जातिनिर्मूलन, अस्पृश्योद्धार और दलितोद्धार प्रति विद्वान यह प्रश्न उपस्थित कर सकते हैं कि मैंने किन तथ्यों के आधार पर यह स्थापना दी है कि महात्मा बसवेश्वर पहले अस्पृश्योद्धारक है? जब कि भगवान महावीर और महात्मा गौतम बुद्ध ने बसवण्णा के हजारों वर्षों पूर्व ही यह कार्य किया है तो इस सन्दर्भ में मैं अपनी धारणा स्पष्ट करना चाहता हूँ कि जातिनिर्मूलन और अस्पृश्योद्धार दो भिन्न चीजे हैं, जातिनिर्मूलन से तात्पर्य जातिगत भेदों तथा विचारों को मिटाने से है। जबकि, अस्पृश्योद्धार का सम्बंध सिर्फ उन लोगों की मुक्ति से है, जिन्हें धार्मिक व्यवस्था की बेडियों ने छुआछूत की यातनामयी व्यवस्था में कैद कर दिया था। उपर्युक्त

दोनों में तात्विक अंतर है और यह बड़ा महत्त्वपूर्ण है। आप समूचे इतिहास, मनीषा और ग्रंथों में सिर्फ इस बात का परिचय प्राप्त करते हैं कि भगवान महावीर तथा महात्मा गौतम बुद्ध ने जातिनिर्मूलन पर जोर दिया क्योंकि तत्कालीन परिस्थितियों में जाति–पाँति का ही बोल–बाला था और समाज जाति–प्रथा से उत्पन्न समस्याओं से ही लड़ रहा था। उस समय छुआछूत और स्पृश्यास्पृश्य की समस्या इतनी भीषण नहीं थी, जितनी इन महामानवों के परवर्ती काल में हुई है। क्योंकि इन महामानवों ने जिस जाति व्यवस्था का उच्चाटन करने का आजीवन यत्न किया, वह उनके परवर्ती काल में वह व्यवस्था काफी समय तक क्षीण ही रही। किन्तु जब लगभग ईसा की 300 शताब्दी पूर्व मनुस्मृति लिखी गई समाज में जातिगत नियम कठोर से और अधिक कठोर होते गये। और यहाँ जिस चार्तुवर्ण्य व्यवस्था की नींव रखी गई थी, उसमें जो अंतिम वर्ण था। वही समाज में पंचमवर्ण अर्थात अस्पृश्य बनकर उभरा है, जहाँ वर्ग के सभी प्रकार के अधिकारों को नकारकर उन्हें बाकी वर्णों की सिर्फ सेवा करने की सीख दी गई। इसी व्यवस्था में जो जीवन–यापन के लिए निचले दर्ज कार्य करते थे, मात्र उन्हें ही अस्पृश्य माना गया और इसके साथ ही लगभग भगवान महावीर तथा महात्मा गौतम बुद्ध के कई हजार वर्षों के पश्चात अस्पृश्यता की समस्या ने रूप धारण किया है। अतः हमारी मान्यता है कि भगवान महावीर और महात्मा गौतम बुद्ध को जातिनिर्मूलन केउन्नायक कहना अधिक श्रेयस्कर होगा, न कि अस्पृश्योद्धारक।

अब बात करते हैं। बसवण्णा के कृतित्व की और अस्पृश्योद्धार की। तो सर्वप्रथम यह स्पष्ट कर दूँ कि वर्ण व्यवस्था के अभिशाप ने अस्पृश्यता के समस्या की नींव रखी है। जो बारहवीं शताब्दी तक आते–आते समाज के एक बहुत बड़े वर्ग को मानवोचित अधिकारों से वंचित करने के साथ ही उनके उन्नति के सभी रास्तों को भी बंद कर चुकी थी। समाज की इन विषम परिस्थितियों में महात्मा बसवेश्वर का अविर्भाव हुआ और उन्होंने समाज से जातिनिर्मूलन के साथ अस्पृश्यों के उद्धार का बीड़ा उठाया। जहाँ उन्होंने लिंगायत धर्म की स्थापना कर अंतरजातीय विवाह के द्वारा जातीयता को नष्ट करने की सफल चेष्टा की है, वहीं दूसरी ओर उन्होंने परम्परागत समाज और धर्मव्यवस्था में अस्पृश्य समझे जानेवाले लोगों के सम्मुख 'कायक' की महत्ता सिद्ध कर उनमें आत्मगौरव तथा स्वावलंबन



की भावना का सूत्रपात किया है। 'कायक पर सविस्तार विचार आगे किया जायेगा।

जैसा कि हमने आरंभ में ही यह सिद्ध कर दिया है कि, जातिनिर्मूलन का सम्बंध मात्र जातिगत भेदों और विचारों को मिटाने से है जबकि अस्पृश्योद्धार से तात्पर्य छुआछूत की उन अमानवीय जंजीरों को तोड़ने से है, जिनके कारण मनुष्य को ही मानवोचित अधिकारों से वंचित रखकर पशु से बदतर जीवन जीने के लिए विवश किया गया था। इन स्थितियों में अस्पृश्यों का उद्धार तभी संभव था, जब उनमें आत्मगौरव जगाकर स्वावलंबी होने के लिए प्रेरित किया जाये। यही कार्य महात्मा बसवेश्वर ने किया है। इसलिए वे अपने आपको ब्राह्मण कहलाने की अपेक्षा अस्पृश्यों की संतान कहलाना पसंद करते हैं–

*"पिता मेरे मोची चन्नय्य*
*ताऊ मे चमार कक्कय्य*
*देखिये पितामह मेरे चिक्कय्य*
*भाई मेरे किन्नर बोम्मय्य*
*आप मुझे कैसे नहीं जानते कूडलसंगमदेव।"*[6]

और परम्परागत छुआछूत की मान्यताओं को ध्वस्त करते हुए उदघोषणा की–

*"हत्या करनेवाला है चांडाल*
*मैला खानेवाला है अछूत*
*कुल क्या है? कुल का क्या प्रयोजन?"*[7]

साथ ही तर्क के सहारे भी स्पृश्यास्पृश्य के भाव को नकारा और कहा–

*"एक ही धरती अछूतों की वस्ती और शिवालय,*
*एक ही जल धोने और आचमन का,*
*जाति एक ही अपने आपको जाननहारे की,*
*फल एक ही पद दर्शन से प्राप्त मोक्ष का"*[8]

अस्तु, महात्मा बसवण्णा ने अस्पृश्यों को आत्मगौरव की दीक्षा देकर उन्हें स्वावलंबन पूर्ण जीवन जीने के लिए कायक की महत्ता का प्रतिपादन किया है। लगभग यही कार्य महामानव डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के 'शिक्षा,

संघर्ष, और संघठित के महामंत्र ने बाद में किया है। जिसे पाकर दबे कुचले, प्रताडित और शोषित लोगों ने नये जोश व उमंग के साथ अपने सफलता की कहानियाँ लिखी हैं।

अब बात करनी होगी दलितोद्धार की तो इस सन्दर्भ में मैं इस तथ्य पर प्रकाश डालना चाहता हूँ कि 'दलित' शब्द पूर्णतः अर्वाचीन शब्द है। अतएवं इसकी जड़ें सुदूर अतीत में या प्राचीनकाल में खोजना हास्यास्पद प्रतीत होता है। क्योंकि दलित शब्द का उदभव और विकास उन्नीसवीं शताब्दी में हुआ है, जो पूर्णतः तत्कालीन परिस्थितियों और अंग्रेज शासकों की नीतियों का प्रतिफल है। मेरी राय है कि दलित शब्द का प्रचलन लॉर्ड मॅकडोनाल्ड के द्वारा प्रस्तावित 1932 के अछूतों के आरक्षित चुनाव क्षेत्र और उनके पश्चात महामानव अंबेडकर जी तथा महात्मा गांधी के पूना समझौता के हस्ताक्षर के बाद हुआ। और आज तक इसी शब्द का अधिकतर प्रयोग किया जाने लगा है। जबकि इस शब्द का उद्‌भव और विकास पूर्णतः दुर्भावना और हीनता के गर्भ से हुआ है। इसीलिए भारतीय संविधान में 'दलित' शब्द का प्रयोग न कर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछडे वर्ग शब्द का प्रयोग किया गया है। अस्तु, प्राचीन मनीषियों और समाज सुधारकों को दलितोद्धारक कहना भ्रामक सिद्ध होता है। हाँ, यह दीगर बात है कि दलितोद्धार और अस्पृश्योद्धार को हमने पर्यायवाची शब्द के रूप में ग्रहण कर लिया है। किन्तु मेरी स्पष्ट धारणा है कि, दलितोद्धार की बजाय अस्पृश्योद्धार शब्द का प्रयोग करना समीचीन प्रतीत होता है। क्योंकि अस्पृश्यता शब्द में दलित शब्द से ज्यादा व्यंग्यार्थ की संभावना है और इसमें हीनता की गंध भी नहीं आती है और अब हम जिस दलित साहित्य और दलित विमर्श की बात कर रहे हैं, वह शाहू महाराज, महात्मा ज्योतिबा फुले और भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के समाज सुधारवादी और मानवतावादी विचारों और प्रेरणा की देन है। कायक और अस्पृश्यता निवारण 'कायक' और 'दासोह' महात्मा बसवेश्वर की प्रज्ञा के पूर्णतः अत्यंत क्रांतिकारी, समाजवादी और लोकमंगलकारी सिद्धांत है। इन्ही सिद्धांतों के कारण कार्ल मार्क्स के दास कॅपिटल में भी बसवण्णा का गौरव गान किया गया है।"[9] 'कायक' का सम्बंध शारीरिक श्रम से है 'कायक' शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृत के काया शब्द से हुई है। जिसका सामान्य अर्थ काया अर्थात शरीर द्वारा किया जाने



वाला सारा कार्य कायक कहलाता है। इस सामान्य अर्थ से परे बसवण्णा ने इस शब्द में एक अलौकिक गरिमा भर दी है। उन्होंने इस शब्द में जिस अर्थ की संभावना की है वह केवल शारीरिक श्रम या पसीने की कमाई तक ही सीमित नहीं रहा। परिश्रम किसके लिए करें? पसीना किसके लिए बहाये? इस प्रश्न का सीधा और सरल उत्तर है, अपनी जीविका और जीवन निर्वाह के लिए। शिवशरणों की परिभाषा इससे नितांत भिन्न थी, केवल जीवन निर्वाह के लिए की जानेवाली कमाई का केन्द्र बिन्दु व्यक्ति है। किन्तु, शिवशरणों के कायक का केन्द्र बिन्दु व्यक्ति नहीं, वह अहकेन्द्रित नहीं है, बल्कि वह समाज केन्द्रित है।"[10] इसलिए यहाँ कायक आत्माभिमान और स्वावलंबन का साधन है। इसलिए कोई कायक न तो छोटा है, न बड़ा है। बसवेश्वर ने 'कायक वे कैलास' कहकर शारीरिक श्रम को ही स्वर्ग घोषित किया है। साथ ही शारीरिक श्रम की अनिवार्यता पर बल दिया है। बसव से पूर्व कायक का विभाजन श्रेष्ठ–कनिष्ठ की श्रेणी में तो किया ही गया था, साथ ही उसका स्थान और उन्हें करनेवाला दोयम दर्ज का माना जाता था। बसवण्णा ने मुफ्तखोरों के इस दर्शन को तहस–नहस कर, कायक की अनिवार्यता और उसकी महानता का प्रतिपादन किया है। और अस्पृश्यों में यह भावना जगा दी कि वे आजीविका के लिए जो भी कायक करते हैं, यह श्रेष्ठ है। इसलिए कोई भी कायक करने में किसी प्रकार का संकोच करना या हीन भावना का अनुभव करना अनावश्यक है। कायक का महत्त्व प्रतिपादित करते हुए बसवण्णा कहते हैं–

*"जिसने अपने पसीने से धरती का सिंचन किया,*
*जिसने शरीर श्रम किया भूख मिटाने के लिए,*
*जिसने तन और मन का संघर्षण किया,*
*जिसने श्रम की पूजा को शिव की पूजा माना,*
*जो श्रमिक की झोपड़ी को कैलास मानता है,*
*जिसकी कथनी करनी एक है,*
*वही जगदगुरू कूडलसंगमदेव।"*[11]

बसवण्णा के इन विचारों ने अस्पृश्यों के लिए महामंत्र का कार्य किया और उन्हें कायक के द्वारा आत्मनिर्भर तथा स्वाभिमानी बनने का पाठ पढ़ाया है। जबकि हम सभी जानते हैं कि हमारे भारत के इतिहास में इस

'अर्थ' ने कई प्रकार के अनर्थ किये हैं। इस दृष्टि से यदि हम बसवण्णा के 'कायक सिद्धांत' का अवलोकन करे तो यह सिद्ध होता है कि बसवण्णा के इस सिद्धात ने अस्पृश्यता का निराकरण में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है और आगे भी समाज में आत्म–गौरव जगाने का कार्य करता रहेगा, ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है।

संक्षेप में कहा जा सकता है कि महात्मा बसवेश्वर भारत के पहले महामानव है जिन्होंने सर्वप्रथम अस्पृश्योद्धार की दिशा में सार्थक प्रयास किये है। साथ ही 'लिंगायतको' की स्थापना कर अस्पृश्योद्धार का महाद्वार खोला है, जिसकी आधारशीला आज भी काय और 'दासोह' पर टिकी हुई है।

सन्दर्भ :

1. डॉ. उपाध्याय भगवतशरण, भारतीय कला का इतिहास, पृष्ठ 11
2. डॉ. तिवारी भगवानदास विश्वमानव, बसवेश्वर, पृष्ठ 31
3. सं. डॉ. जयशेट्टी भालचन्द्र वचन, पृष्ठ 144,
4. डॉ. मेनकुदळे अशोक समता सूर्य महात्मा बसवेश्वर पृष्ठ 16
5. सं. डॉ. जयशेट्टी भालचन्द्र वचन, पृष्ठ 16
6. डॉ. प्रेमी प्रभाशंकर शरणों के चुने हुए 108 वचन, वचन संख्या पृष्ठ 1
7. वहीं, वचन संख्या 24. पृष्ठ 16
8. डॉ. काशीनाथ, अबलगे– बसवेश्वर काव्यशक्ति और सामाजिक शक्ति, वचन–67, पृष्ठ 110
9. सं. डॉ. जयशेट्टी भालचन्द्र वचन, पृष्ठ 23
10. सं. प्रा. एकलारे चंद्रकांत क्रांतिकारी विचारक महात्मा बसवेश्वर, पृष्ठ 123
11. डॉ. डोणगांवकर वेदप्रकाश तत्त्वज्ञानी महात्मा बसवेश्वर
12. बसव मार्ग त्रैमासिक पत्रिका, बसव केंद्र बैंगलुर
13. प्रा. पाटील निमराव जगतज्योती महात्मा बसवेश्वर

❖❖❖

# Role of Dr. B.R. Ambedkar in The of Development of Tribal Community: A Historical Perspective Study

*Dr. Sanjeeva Kumar And M. Pote*
Assistant Professor of Economics, Maharaja Madakari Nayaka First Grade, Arts & Commerce College, Chitradurga.

## Abstract

The present Historical Study focuses on the role of Dr. B.R. Ambedkar in the development of Tribal Community. The tribal community became limited to forest due to the covertness of Aryans. Hence, they became incompetent to face the challenges of their life. Tribal communities was dispossessed and exploited to such an extent that these communities could not progress intellectually and socially. Thus, the economical and political aspirations of the community were buried and were made to live in the forest. As the Tribal community habitation was limited to forest, they lived far from the rest of the society in the forest establishing their own rituals, cultures and traditions. Due to Globalisation and Industrialization, the forests were deforested in the name of development. Thus inevitably the tribal communities came in contact with the other communities in the society. It is important to note that that, though these tribal community population lack in sectors like education, investment, technology etc they are leading self reliant and a independent life. Since,Dr. B.R. Ambedkar has keenly studied and observed the sufferings of these tribal communities raised voice against the *Manudharma*. Dr. B.R. Ambedkar anticipated to the sufferings of the Tribal communities by constituting the Constitution of India. As the development of these tribal communities leads to the development of the whole nation, the present study gains much more importance.

**Keywords:** *Development, Rituals, Culture, Tradition, Education, Technology*

3.3.3 Book and ~~chapter~~



# हिन्दी के भक्तिकालीन साहित्य का पुनरावलोकन

अतिथी संपादक
डॉ. संतोषकुमार गाजले

'हिन्दी के भक्तिकालीन साहित्य का पुनरावलोकन'

© संपादक मंडल
प्रो. डॉ. रवीन्द्र शिरसाट
सह. प्रा. डॉ. संगीता जगताप
सह. प्रा. डॉ. प्रवीण देशमुख
सह. प्रा. डॉ. संतोषकुमार गाजले

❖ Publisher :
**Harshwardhan Publication Pvt.Ltd.**
Limbaganesh, Dist. Beed (Maharashtra)
Pin-431126, vidyawarta@gmail.com

❖ Printed by :
Harshwardhan Publication Pvt.Ltd.
Limbaganesh, Dist. Beed, Pin-431126
**www.vidyawarta.com**

❖ Page design & Cover :
H.P. Office (Source by Google)

❖ Edition: May 2022

ISBN 978-93-92584-13-8

❖ Price : 200/ -

All Rights Reserved, No part of this publication may be reproduced, or transmitted, in any form or by any means, electronic mechanical, recording, scanning or otherwise, without the prior written permission of the copyright owner. Responsibility for the facts stated, opinions expressed. Conclusions reached and plagiarism, If any, in this volume is entirely that of the Author. The Publisher bears no responsibility for them. What so ever.Disputes, If any shall be decided by the court at **Beed** (Maharashtra, India)



## आमुख

भक्तिकाल अथवा पूर्व मध्यकाल हिंदी साहित्य का महत्त्वपूर्ण काल है, जिसे सुविद्यआलोचकों ने 'स्वर्णयुग' विशेषण से विभूषित किया है। राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक, दार्शनिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अंतर्विरोधों से परिपूर्ण होते हुए भी इस काल में भक्ति की ऐसी धारा प्रवाहित हुयी कि विद्वानों ने एकमत हो कर इसका नामकरण भक्ति काल किया। इस युग को स्वर्ण काल के विशेषण से अभिहित करने का सबसे सशक्त कारण यही रहा है कि, इस काल में ही सर्वप्रथम सदियों से चली आई आ रही सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और नैतिक आदि प्रकार की दासता की बेड़ियों को तोड़ने के लिए मानवतावादी, तार्किक और संवेदनशील संतों, समाज सुधारकों और क्रांतिकारी विचारकों का उदय हुआ. इसी युग में रामानंद और वल्लभाचार्य के निर्देशन में नामदेव, कबीर, सूर, तुलसी, जायसी, मीरा, रविदास, दादू दयाल, रहीम, रसखान, धन्ना, पीपा, सेना नाई, सदना कसाई जैसे संतो और कवियों ने मानवतावाद का परचम लहराते हुए, समाज को एकसूत्र में बांधकर आलोक की ओर उन्मुख करने का गुरुत्तर कार्य किया है। जिसके फलस्वरूप तत्कालीन समाज में राष्ट्रीय और सामाजिक जागृति का उद्भव और विकास हो सका। और मुट्ठी भर लोगों के हित में जो सामाजिक व्यवस्था बनाई गई थी, उसे ध्वस्त कर संपूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिए एक नई व्यवस्था बनाने का क्रांतिकारी आंदोलन शुरू किया गया। इस युग के संतों ने जो विचार अभिव्यक्त किए है उन्हें पढ़ने के पश्चात हम पूरे विश्वास के साथ कह सकते है कि, भक्ति काल ही वह समय रहा है जहां से सर्वप्रथम सामाजिक और वैचारिक क्रांति का सूत्रपात भारत वर्ष में हुआ।

'भज' धातु में 'क्तिन' प्रत्यय के साथ निर्मित शब्द 'भक्ति' अत्यंत व्यापक एवं गहन अर्थ धारण करता है. शांडिल्य और नारद

## INDEX

01) भक्ति आंदोलन की पृष्ठभूमि
डॉ. रवींद्रकुमार शिरसाट, अमरावती. ||09

02) धर्म और धार्मिकताके संदर्भ में राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज के विचार
डॉ. एस. एन. जगताप, चिखलदरा. ||19

03) भक्तिकालिन साहित्य की परिस्थितियाँ और विशेषताएँ
डॉ. उज्वला अशोक राणे (गोवा) ||27

04) कृष्ण भक्तिकाव्य के विकास में अष्टछाप के कवियों का योगदान
डॉ. दिनेश प्रसाद साह, दरभंगा ||34

05) हिन्दी में राम भक्ति साहित्य का पुनरावलोकन एक अध्ययन
निर्घोट अर्चना महादेवराय, अमरावती ||46

06) हिंदी के भक्तिकालीन साहित्य का पुरावलोकन.....
डॉ. काकासो बापूसो भोसले,
रामानंदनगर (बुर्ली), जि. सांगली ||56

07) सूफी साहित्य: एक अध्ययन
डॉ. सुधीरकुमार गौतम, दमोह (म.प्र.) ||64

08) कृष्ण भक्ति और सूरदास
प्रा. मालती बंसराज यादव, अमरावती ||70



09) रामचरितमानस में नारी का श्रद्धेय स्वरुप
प्रा. रेखा ध. धुराटे, अमरावती ||77

10) गोस्वामी तुलसीदास जी के काव्य में समन्वयता
डॉ. सविता व्ही. रुक्के, वाशिम ||86

11) तुलसीदास जी का लोकनायकत्व
प्रा. डॉ नलिनी शशिकांत पशिने, दासगाँव,
गोंदिया महाराष्ट्र ||92

12) सूफी संत बाबा फरीद के वाणी में बिंब विधान और प्रतीक योजना
प्रा. डॉ. चंदन विश्वकर्मा, अमरावती. ||100

13) विठ्ठल भक्त संत नामदेव
प्रा. डॉ. रेविता बलभीम कावळे, बसमत,
ता. बसमत जि. हिंगोली ||109

14) वैश्वीकरण के परिप्रेक्ष्य में संत कबीर के साहित्य की प्रासंगिकता
प्रा. संतोष येरावार, देगलूर ||116

15) कबीर के आलोचकों का अनुशीलन
डॉ. संतोषकुमार गुंडप्पा गाजले, यवतमाल ||124

16) पद्मावत में जायसी के आध्यात्मिक विचार
डॉ. सरलता रामप्रकाश वर्मा,
राजपुतपुरा, अकोला ||133

17) भक्तिकालीन कवि संत कबीर की संवेदना
डॉ. मंगला भवर, नासिक. ||141

15

# कबीर के आलोचकों का अनुशीलन

डॉ. संतोषकुमार गुंडप्पा गाजले
सह. प्राध्यापक तथा हिन्दी विभागाध्यक्ष
लोकनायक बापूजी अने महिला महाविद्यालय, यवतमाल

==============***********===============

हिंदी साहित्य ने संसार को कई ऐसी अद्भुत प्रतिभाएं दी है, जो साहित्य की विभिन्न कसोटियों पर खरा उतरने के बाद अपना सर्वोपरि स्थान रखते हैं। मगर जब बात कबीर की आती है तो हम पाते है कि, कबीर अपना सानी ही नहीं रखते। कबीर हिंदी साहित्य के इतिहास में आज उस शिखर पर विराजमान है जहां पहुंचना विश्व साहित्य के आलोक में यदि देखा जाए तो वह अनन्य साधारण उदाहरण प्रतीत होता है। कबीर की बहुमुखी प्रतिभा सदा सर्वदा प्रासंगिक रहेगी। कबीर का व्यक्तित्व मध्ययुगीन समाज में एक क्रांतिकारी का स्थान रखता है। जिसने युगीन परिस्थितियों से लोहा लेकर जनमानस को सही राह दिखाने का सार्थक प्रयास किया है। कबीर ने समाज को जिस ढंग से मार्गदर्शन और समझाने की कोशिश की है, उसकी सटीक व्याख्या करना हिमालय की चोटी पर पहुंचने से दुरूह है। फिर भी आज तक हिंदी के कई सुधि आलोचकों ने कबीर को अपने–अपने ढंग से समझने और समझाने का बखूबी प्रयास किया है। इन आलोचकों ने अपने विवेक, समझ, आलोचना दृष्टि और परंपरा के आधार पर जो सैकड़ों किताबें रंग डाली हैं, वह इस बात का प्रमाण है। प्रस्तुत शोध आलेख में इनमें से प्रमुख रामनिवास चांडक–कबीर जीवन दर्शन, संपादक अयोध्यासिंह उपाध्याय



हरिऔध–कबीर वचनावली, हजारी प्रसाद द्विवेदी–कबीर, श्यामसुंदर दास–कबीर ग्रंथावली, रामकुमार वर्मा–कबीर का रहस्यवाद, आचार्य परशुराम चतुर्वेदी–कबीर साहित्य की परख, डॉ. एफ.ई.के.–कबीर तथा उनके अनुयायी, डॉ. गोविंद त्रिगुणायत–कबीर की विचारधारा, संपादक विजयेंद्र स्नातक–कबीर, डॉ केदार नाथ दुबे–कबीर और कबीर पंथ का तुलनात्मक अध्ययन, डॉ रामजी लाल सहाय–कबीर की दार्शनिक विचारधारा का आलोचनात्मक अध्ययन, डॉ धर्मवीर–कबीर बाज भी, कपोत भी,पपीहा भी, कबीर के आलोचक, कबीर के कुछ और आलोचक, पुरुषोत्तम दास अग्रवाल–अकथ कहानी प्रेम की कबीर की कविता और उनका समय, इन पुस्तकों का अनुशीलन कर कबीर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है।

## कबीर का जन्म,माता पिता और विवाह :–

कबीर के जन्म–मृत्यु के संदर्भ में हिंदी के प्रबुद्ध आलोचकों ने इतना कुछ लिख डाला है कि की परस्पर वैचारिक भिन्नता के कारण कबीर का जन्म और मृत्यु एक अबूझ पहेली बन कर रह गई है, यही बात उनके माता–पिता और विवाह सन्दर्भों पर भी लागू होती है। कबीर की आयु को लेकर विद्वानों में पर्याप्त से भिन्नता है, किसी ने ६५ किसी ने ७८ तो किसी ने १२० वर्षों तक कबीर की आयु खींच डाली है। कबीर की मृत्यु को लेकर भी जो भ्रम की स्थिति बनी हुई है वह पीडादायी होने के साथ–साथ अध्येताओं की दृष्टि से भी भ्रामक है। इस संदर्भ पर लिखी गई किताबें पढ़ने के बाद ऐसा प्रतीत होता है कि मानो आलोचकों में मुठभेड छिड गई है। कहीं किसी ने पूरी तरह से कबीर को विधवा ब्राह्मणी का पुत्र सिद्ध किया, तो कभी किसी ने मुसलमान दंपतियों की संतान के रूप में उनके व्यक्तित्व को प्रस्तुत करने की चेष्टा की है। और सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात तो यह बात लगती है कि विश्वविद्यालयी शोध और तथाकथित विद्वानों ने कबीर के दो विवाह तक रच डाले हैं जो व्यक्ति अपने पूरे जीवन काल में सिर्फ एक पर ही अडिग रहा उसके उसके दो विवाह करने की बात मानना इसका अर्थ स्वयं बौद्धिक रूप से दिवालिया

होने का ऐलान करने के समान है।

तो वहीं दूसरी ओर डॉ धर्मवीर ने अपने आप को सर्वोपरि आलोचक समझ कर आज तक कबीर पर जो शोध कार्य संपन्न हुआ वह ब्राह्मण या परम्परावादी हिंदुओं ने किया ऐसा मानकर, उसे नकारते हुए एक अलग ही राग अलापने की कोशिश की है। जिसका परिणाम यह हुआ कि अबूझ पहेली कबीर और भी उलझ कर रह गए। जिस प्रकार कबीर के व्यक्तित्व को लेकर हिंदी आलोचक एकमत नहीं है या दो छोरों पर खड़े हुए दिखाई देते हैं वैसे ही कबीर के कृतित्व को लेकर भी कई आलोचकों में संभ्रम की स्थिति बनी हुई है। कबीर के विभिन्न आलोचकों ने उन्हें बारीकी से समझने की या उनके वचनों को व्यक्त करने की सार्थक चेष्टा की है जिसका शुभ फल यह हुआ कि हमें आज कबीर के संदर्भ में नए तथ्य प्राप्त हो सके है।

**कबीर के कृतित्व के संदर्भ में हिन्दी के प्रमुख आलोचक:—**

जहां हिंदी आलोचना के प्रारंभ में कबीर के कविताओं पर कई गंभीर सवाल उठाए गए थे। कई बार उन्हें कवि मानने से इंकार कर, उन्हें कटघरे में खड़ा करने की असफल कोशिश की गई थी, तो वहीं बच्चन सिंह जैसे आलोचकों ने कबीर के महाकवि होने का दावा करते हुए कहा था, ''कबीर ने साहित्य के लिए साहित्य नहीं लिखा मस्त मौला राम को साहित्य से क्या मतलब? पर उनका उश्चल आवेग, मानवीय संवेदना, गहरा जीवन बोध उनके 'कहन' को साहित्य बना देते है। दीन दुखियों के लिए लगने वाले व्यक्ति का काव्य काव्यतत्त्व से रिक्त हो ही नहीं सकता। उनकी कविता की भाषिक संरचना जो औरों से अलग है, बताती है कि यह वैश्विक दृष्टि के अनुरूप है। उनकी संरचना को मुख्यता विसंगतियों, विरोधाभासों और विडम्बनाओं से बुना गया है। उसकी बुनावट एक अलग काव्यशास्त्र के निर्माण की मांग करती है।''[१] इसका तात्पर्य है कि बच्चन सिंह कबीर को सिर्फ कवि मानने की अपेक्षा उन्हें एक क्रांतिकारी व्यक्ति के रूप में अपनाने की और क्रांति का नींव रखने वाले शख्स के रूप में देखने की वकालत करते हैं, इसीलिए वे आगे जाकर लिखते हैं, ''उन्हें सुधारक



कहना उनके महत्त्व को कम करना है। वे एक ऐसे धर्म की स्थापना करना चाहते थे जिसमें ना कोई हिंदू हो या मुसलमान, न कोई मौलवी हो न पुरोहित, ना कोई शेख हो न बरहमन, सब मनुष्य हों। यह क्रांतिकारी कदम था न कि सुधारवाद।''[२] दूसरे शब्दों में कहें तो कबीर धर्म या मजहब के पक्षपाती न होकर मानवतावाद की स्थापना करना चाहते थे। जो इंसान को सभी प्रकार के भेदभाव से ऊपर उठकर सिर्फ और सिर्फ मनुष्य के रूप में देखता हो। और यही प्राकृतिक सत्य है कि मनुष्य सिर्फ मनुष्य है, बाकी जितनी भी चीजें हैं वह रूढिगत, परंपरागत भ्रमपूर्ण धारणाएं मात्र है। यही कारण रहा है कि डॉ रामकुमार वर्मा कहते हैं, ''ऐसी स्वतंत्र प्रवृत्ति वाला कलाकार किसी साहित्य क्षेत्र में नहीं पाया गया वह किन किन स्थलों में विहार करता है, कहां—कहां सोचने के लिए जाता है, किस—किस प्रशांत वन भूमि के वातावरण में जाता है, यह सब स्वतंत्रता के साधन उसी को ज्ञात थे, किसी अन्य को नहीं। उसकी शैली भी इतना अपनापन लिए हुए है कि कोई उसकी नकल भी नहीं कर सकता। अपना विचित्र शब्द जाल, अपना स्वतंत्र भावोन्माद, अपना निर्भय अलाप, अपने भावपूर्ण पर बेढंगे चित्र, यह सभी उसके व्यक्तित्व के ओत—प्रोत हिस्से थे। कला के क्षेत्र का सब कुछ उसी का था।''[३] और यह सत्य भी है कि विश्व साहित्य में कबीर कबीर ही हैं। अनुपम, अनूठे और बेजोड़ है। जिस प्रकार की विभिन्न नाना प्रकार की और असंभावनाओं से कबीर का व्यक्तित्व बना है, उसी प्रकार निम्न प्रकार की असंभवनीय चीजें हम कबीर के साहित्य में पाते है।

**महात्मा, धर्मगुरु और समाज सुधारक कबीर:—**

जहां बच्चन सिंह, डॉ रामकुमार वर्मा, रामस्वरूप चतुर्वेदी कबीर की कविता पर ही ज्यादा जोर देते है, तो वहीं दूसरी ओर आचार्य हजारी प्रसाद तथा शिवकुमार मिश्र है जो कबीर को धर्मगुरु समाज सुधारक महात्मा सिद्ध करने की सार्थक चेष्टा करते हैं। कबीर को सर्वप्रथम न्याय देने वाले और महाकवि सिद्ध करने वाले आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी तो साफ साफ शब्दों में लिख देते है कि,

''कबीर धर्म गुरु थे। इसलिए उनकी वाणियों का आध्यात्मिक, रस ही आस्वाद्य होना चाहिए, परंतु विद्वानों ने नाना रूप में उन वाणियों का अध्ययन और उपयोग किया है। काव्य रूप में उसे आस्वादन करने की तो परम्परा ही चल पड़ी है। समाज सुधारक के रूप में सर्वधर्म समन्वय कार्य के रूप में हिंदू–मुस्लिम–एकता के समर्थक, विशेष संप्रदाय के प्रतिष्ठापक और वेदांत व्याख्याता दार्शनिक के रूप में भी उनकी चर्चा कम नहीं हुई है। 'हरि अनंता, हरि कथा अनंता, वेड पुराण गांव ही श्रुति संता' के अनुसार कबीर कथित हरि की कथा का विविध रूप में उपयोग होना स्वाभाविक है, पर कभी–कभी गलती से कबीर के इन्हीं रूपों में से किसी एक का प्रतिनिधि समझकर ऐसी ऐसी बातें करने लगते हैं जो असंगत कही जा सकती है।'' आचार्य द्विवेदी जी ने कबीर के व्यक्तित्व को लेकर जो विश्लेषण प्रस्तुत किया है उसी का विकास अंशुकुमार मिश्र के विचारों में देख सकते हैं, ''कबीर की चर्चा करते हुए उन्हें विद्रोही कवि, क्रांतिकारी दृष्टा, समाज सुधारक, मनीषी, रहस्यवादी साधक और संत इस प्रकार के नाना रूपों में स्मरण किया जाता है। कोई उन्हें हिंदू मुस्लिम एकता की विधायक के रूप में कोई प्रथाभंजक के रूप में और कोई सामाजिक नेता के रूप में देखता है। किसी को उनकी यह सारे रूप गौण मालूम होते हैं और उन्हे एक रहस्यवादी, आध्यात्मिक आस्था वाले, संत के रूप में पहचानने पर बल देता है। हमारी समझ में सवाल इन तमाम रूपों में से किसी एक या अनेक के साथ कबीर को जोड़कर देखने का नहीं है सवाल तत्कालीन सामाजिक तथा सांस्कृतिक परिवेश के भीतर उनको पहचानने और उन्हें महत्व देने का है जो कबीर को एक ऐसी ऊंचाई दे सके जो शताब्दियों के बाद आज भी कायम है।'' इसी उद्देश्य से प्रेरित होकर वे आगे बढ़कर लिखते हैं– ''कबीर देश के सांस्कृतिक नवजागरण के अग्रदूत थे, अपने गुरु रामानंद की भांति। .... कबीर मात्र पहुंचे हुए संत और साधक ही नहीं थे वे एक महान कर्मयोगी भी थे। मसीहाओं के अंदाज में उन्होंने जनता को केवल उपदेश ही नही दिए, केवल सिद्धांत ही नहीं बघारे, अपनी कही हुई



एक–एक बात को खुद अपने जीवन में आचरित भी किया। रूढ़ियों और रीतियों पर प्रहार करना तो सहज है, स्वयं अपने को उन पर धार की तरह चला देना सरल नहीं है। कबीर वाग्वीर नहीं है, कर्मवीर थे। वे किसी ऊंचे टीले पर खड़े होकर लोगों को का उद्बोधन नहीं कर रहे थे बल्कि, कंधे से कंधा मिलाकर लोगों के साथ चल भी रहे थे। कबीर मिसाल है तो इसलिए है कि पहले उन्होंने अपना घर फूंका फिर दूसरों से अपना घर फूंक कर अपने साथ चलने को कहा।'' कबीर का जीवन निर्भरता और साहस का अनुपम उदाहरण है, जो उनके व्यक्तित्व का मुखर चेहरा है। साथ ही यहां पर यह भी ध्यातव्य बात है कि, कबीर आत्मविश्वास के शिखर पर विराजमान थे, इसलिए वे लोगों को पथ प्रदर्शन उस दौर में कर सके जिसे घोर अंधकार का युग कहा जा सकता है। निराशा की खाई में डूबे हुए लोगों को उत्साह का रसपान कराकर, आशा की दिशा की ओर अग्रसर करने का जो महान काम कबीर ने किया है उसका कोई सानी नहीं मिलता।

**कबीर की भाषा :–**

जहां प्रारंभ में आलोचकों ने कबीर की भाषा को सधुक्कड़ी या खिचड़ी कहकर कबीर के काव्य को कवित्व हीन सिद्ध करने का भरसक प्रयास किया था' वहीं आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने कबीर को वाणी का डिक्टेटर सिद्ध करते हुए उन्हें महाकवि के पद पर विराजमान करने मे अहम भूमिका अदा की है। कबीर की भाषा को लेकर हिंदी साहित्य में जो विभिन्न विचारों का जाल बुना गया है उसका प्रारंभ हम हिंदी साहित्य के इतिहास के लेखक आचार्य शुक्ल द्वारा कबीर संबंधी की गई इस टिप्पणी से मान सकते हैं, रामचंद्र शुक्ल ने कबीर की साखियों की भाषा को 'सधुक्कड़ी' नाम दिया है, जिसका तात्पर्य राजस्थानी, पंजाबी मिश्रित खड़ी बोली से है। किन्तु, रमैनियों एवं पदों में उन्होंने पूर्वी बोली के मेल के साथ मुख्यत: ब्रजभाषा माना है। ''कबीर अपने श्रोताओं पर अच्छी तरह भाषित करना चाहते थे कि हमने ब्रह्म का साक्षात्कार कर लिया है इसी से वह प्रभाव डालने के लिए बड़ी लंबी चौड़ी गर्वोक्तियां भी कभी–कभी

कहते थे।''[७] पहले कबीर को गर्व में डूबा हुआ संत घोषित करने के पश्चात अपनी बात को संवारते हुए आचार्य शुक्ल आगे लिखते है, ''यद्यपि वे पढ़े लिखे न थे पर उनकी प्रतिभा बड़ी प्रखर थी जिससे उनके मुंह से बड़ी चुटीली और व्यंग्य चमत्कार पूर्ण बातें निकलती थी। उनकी उक्तियों में विरोध और असंभव का चमत्कार लोगों को बहुत आकर्षित करता था, जैसे 'है कोई गुरुज्ञानी जगतमह उलटि वेद बुझेष्मानी मह पावक बरे, अंधहि आखिंह सुजैष्याय तो नाहर को धरी खायो,हरिना खायो चीता।''[८] उनकी इस टिप्पणी में कबीर की व्यंग्य की गहराई नापने की कोशिश जरूर की गई है, किंतु कबीर की भाषा पर जो विचार व्यक्त किए है उनका उद्देश्य कबीर के साहित्य पर प्रश्न चिन्ह अंकित करना ही प्रतीत होता है। वहीं डॉ. बच्चन सिंह ने कहा है कि, ''कबीर की भाषा संतभाषा है। संतों का संबंध सीधे जनता से था। वे निम्नवर्ग में उत्पन्न हुए थे, उनके साथ रहते थे, यात्राएं करते थे, उपदेश देते थे। अत: वह बोलचाल की भाषा का व्यवहार करते थे। इसे हिमाचल के चंबा से लेकर महाराष्ट्र, सौराष्ट्र बंगाल तक समझा जाता था। इसमें खड़ी बोली का गहरा पुट होता था। भोजपुरी, ब्रज और राजस्थानी का भी उस पर प्रभाव था।''[९] डॉ. बच्चन सिंह के इन विचारों को पढ़ने के पश्चात ऐसा अनुमान लगाया जा सकता है कि डॉ बच्चन सिंह ने आचार्य शुक्ल द्वारा जो प्रश्न चिन्ह कबीर की भाषा को लेकर उपस्थित किये थे,उसे मिटाने की सार्थक चेष्टा उन्होंने की है।

आचार्य नंददुलारे वाजपयी ने कबीर की भाषा के ऊपर विस्तृत टिप्पणी लिखते हुए कहा है, ''कबीर आदि संतों की वाणी अटपटी है। उसमें ब्रह्म की निराकार उपासना का उपदेश दिया गया है और वेदों तथा पुराणों की निंदा करके एक प्रकार के दंभ रहीत, सरल सदाचार पूर्ण धर्म की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। राम और रहीम को एक ठहरा कर हिंदू तथा मुसलमानों मतों का अद्भुत मेल मिलाया गया है। इसी प्रकार हिंसा और मांस भक्षण का खंडन कर तथा नमाज और पूजा का विरोध कर इन संतों ने किस मार्ग का अनुसरण किया किसका नहीं यह साधारण जनता की समझ में नहीं आ सकता था।



फिर भी कबीर आदि का देश के साधारण जन समुदाय पर जो महान प्रभाव पड़ा, वह कहने सुनने की बात नहीं है। वे संत पढ़े लिखे न थे, उनकी भाषा में साहित्यिकता न थी, उनके छन्द उटपटांग थे तथापि उन्हें जनता ने स्वीकार किया और उनकी विशेष प्रसिद्ध हुई।''[१०] आचार्य बाजपयी ने बाकी सभी साहित्यिक निष्कर्षों को गौण करार देते हुए कबीर आदि संतों के विचारों या वाणी की प्रभावशीलता को ध्यान में रखकर उनका मूल्यांकन करने का स्तुत्य कार्य किया है। यदि कोई रचना या रचनाकार साहित्यिक कसौटियों पर सटीक सिद्ध होता है किंतु प्रभावशीलता में असफल, तो उससे कहीं ज्यादा श्रेष्ठ यह होगा कि साहित्यिक कसौटियों पर यदि कोई रचनाकार या उसका साहित्य असफल सिद्ध होने के बावजूद अगर प्रभावित करने की दृष्टि से कारगर है, तो निश्चित ही अभिनंदनीय है। कबीर की भाषा का मूल्यांकन रामस्वरूप चतुर्वेदी ने लोक संस्कृति के आलोक में करने का प्रयास किया है वे लिखते है, ''भाषा संवेदना विचार प्रणाली सभी दृष्टि से कबीर शास्त्रीयता के समक्ष खांटी देसीपन को महत्व देते है। संस्कृत के कूप जल को छोड़कर भाषा के बहते नीर तक स्वयं पहुंचते हैं और सबको पहुंचाते हैं। संस्कृत से मुक्त लोक संस्कृति को बनाने में उनका योगदान अप्रतिम है।''[११] इस प्रकार कबीर के व्यक्तित्व और कृतित्व की तरह ही भाषा को लेकर भी हम हिंदी आलोचकों में पर्याप्त मत भिन्नता देख सकते है।

संक्षेप में कहां जा सकता है कि कबीर वस्तुत: ऐसे रचनाकार है जो आलोचक की कसौटी पर खरा उतरने की क्षमता रखते हैं बस आवश्यकता यह है कि आलोचकों को कबीर को समझने के लिए कबीर के रंग में रंगना अनिवार्य है। अर्थात, कबीर का व्यक्तित्व बहुमुखी है, जो कबीर के जिस पहलू को देखता समझता है, कबीर उस दृष्टि में उसे नजर आ सकते हैं। फिर चाहे आप उन्हें एक संत, भक्त, साधक, कभी समाज सुधारक, विद्रोही, क्रांतिकारक, हिन्दू—मुस्लीम एकता का प्रतीक जिस दृष्टि से देखना चाहते है देख सकते है। कबीर में सब कुछ विद्यमान है। बस जो विद्यमान है उसे देखने के लिए दृष्टि चाहिए।

(संदर्भ–ग्रंथ सूची)

- डॉ. सिंह बच्चन हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास, पृष्ठ संख्या ८८–८९
- वहीं, पृष्ठ संख्या–८४
- डॉ. वर्मा रामकुमार हिंदी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास पृष्ठ संख्या–९१
- हजारी प्रसाद द्विवेदी, कबीर पृष्ठसंख्या–१७२
- गणपतिचंद्र गुप्त की पुस्तक साहित्यिक निबंध से उद्धृत, पृष्ठ–सया–६२१
- वहीं, पृष्ठ संख्या–७७
- आचार्य रामचंद्र शुक्ल, हिंदी साहित्य का इतिहास, पृष्ठ संख्या ७३
- वहीं, पृष्ठ संख्या–५४–५५
- डॉ. सिंह बच्चन हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास, पृष्ठ संख्या ८८–८९
- आचार्य, बाजपेयी नंददुलारे, हिंदी साहित्य का संक्षिप्त इतिहास पृष्ठ संख्या–२७
- चतुर्वेदी,रामस्वरूप –हिंदी साहित्य और संवेदना का विकास पृष्ठसंख्या–४१
- मिश्र,शिवकुमार–भक्तिकाव्य और लोकजीवन, पृष्ठ संख्या ४८
- पुरुषोत्तम अग्रवाल– अकथ कहानी प्रेम की कबीर की कविता और उनका समय के फ्लैप से उद्धृत

❑❑❑



16

# पद्मावत में जायसी के आध्यात्मिक विचार

डॉ. सरलता रामप्रकाश वर्मा
राजपुतपुरा, अकोला

************

सारांश :

जायसी मध्ययुगीन साहित्य के प्रेममार्गी शाखा के सर्वाधिक विशिष्ट कवि थे। उनके काव्य में प्रेम रसधारा प्रवाहमान है। जिसकी अनुभूति प्रत्यक्ष रूप से लौकिक लगते हुए भी अपनी अंतर्मुखी आध्यात्मिक धारा के कारण अलौकिक कही जा सकती है। भावनाओं की इसी अलौकिकता के कारण उनका काव्य लोकप्रियता के शिखर को स्पर्श करता हुआ चिरंजीवी है।

**जायसी का पद्मावत–**

जायसी का पद्मावत एक प्रेमाख्यान महाकाव्य है। पद्मावत में ५३ खंड है। पद्मावत की कथा का आधार ऐतिहासिक लोककथा है। इस प्रेमकथा के प्रतीकों को आध्यात्मिक प्रतीकों के माध्यम से जोड़ा गया है। कवि कहता है कि शरीर चित्तौड़ का प्रतीक है, मन राजा का, हृदय सिंहलगढ़ का और पद्मावती बुद्धि का प्रतिरूप है। पथप्रदर्शन करने वाला तोता गुरू का रूप है। कवि ने नागमती को 'दुनिया का धंधा' का प्रतीक कहा है और कहा है कि जो इसके चक्कर में पड़ गया वह संभल न सका। राघवचेतन को कवि ने शैतान का प्रतीक कहा है। अलाउद्दीन को वह माया का रूप मानता है। इस प्रकार वे कहते है कि पद्मावत प्रेमकथा की 'उपर्युक्त प्रतीकों के प्रकाश में ही अध्ययन करना चाहिए। इस प्रकार पद्मावत लौकिकता